# 10 हजार बैठक क्षमता वाले कन्वेंशन सेंटर का टीएनसीपी से नक्शा मंजूर

▶ एक महीने में टेंडर जारी होने की संभावना

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र में आईडीए द्वारा पीपीपी मॉडल पर बनाए जाने वाले कनवेंशन सेंटर का टीएनसीपी से नक्शा मंजूर हो गया है. आईडीए द्वारा टेंडर की शर्तों पर कारवाई चल रही है. अगले महीने आईडीए द्वारा टेंडर जारी करने की संभावना है.**

आईडीए मध्य भारत में 10 हजार बैठक क्षमता का पहला कनवेंशन सेंटर इंदौर में बनाने के टेंडर जारी करने की तैयारी कर रहा है. इसके लिए आईडीए द्वारा शर्तों पर काम किया जा रहा है. इसके बाद आईडीए कंसल्टेंट मेहता एंड एसोसिएट से शर्तो पर चर्चा करेगा. फरवरी के अंत तक टेंडर जारी होने की संभावना है. आईडीए का सुपर कॉरिडोर पर 17 हैक्टेयर जमीन में से 11 हैक्टेयर पर कनवेंशन सेंटर निर्माण के लिए टीएनसीपी से नक्शा मंजूर हो गया है. कन्वेंशन सेंटर पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा. टेंडर लेने वाली कंपनी को तीन साल में निर्माण पूरा करना अनिवार्य होगा. आईडीए




कन्वेंशन सेंटर को 40 साल की लीज पर देगा. साथ ही 6 हैक्टेयर जमीन, जिसकी कीमत 365.70 करोड़ रुपए वह भी आईडीए को किश्तों में भुगतान करेगा. ठेका लेने वाली कंपनी को 6 हेक्टेयर पर अलग से निर्माण और उपयोग करने का अधिकार होगा.

होटल और रिसॉर्ट को निर्माता कंपनी फ्री होल्ड पॉलिसी का लाभ भी ले सकेगी. उक्त योजना की अनुमानित लागत 564 करोड़ रुपए आएगी. यह एक तरह से रेशो डील होगी, जिसमें जमीन आईडीए के और निर्माण निजी कंपनी करेगी. पिछली आईडीए बोर्ड बैठक में गांधीनगर सुपर कॉरिडोर चौराहे पर मेट्रो डिपो के सामने पीपीपी मॉडल पर कनवेंशन सेंटर निर्माण की स्वीकृति दे दी गई थी. टीएनसीपी से नक्शा पास होने के बाद कन्वेंशन सेंटर का निर्माण दो चरणों में तीन साल में पूरा करने की शर्त भी है.

### ▶ पहले चरण में कन्वेशन सेंटर में निम्न निर्माण कार्य करना होंगे

- 5 हजार सीट के दो कन्वेंशन सेंटर बनेंगे, जिसमें पार्टिशन होगा। संख्या ज्यादा होने पर पार्टिशन हट जाएगा और सीटिंग कैपेसिटी 10 हजार की हो जाएगी।
- 10 हजार वर्गमीटर का ओपन प्रदर्शनी हॉल
- 500 सीट का ऑडिटोरियम
- 250 सीट का एक ऑडिटोरियम
- 100 सीट के दो लाउंज
- 50 सीट के 4 लाउंज
- 30 लोगों के बैठने 8 छोटे हॉल
- 30 लोगों के लिए 4 वीवीआईपी लाउंज
- प्रशासनिक भवन
- इंटरेंस लॉबी
- रिसेप्शन और 8 टर्मिनल
- डायनिंग और डिनर पार्टी के लिए लाउंज

### दूसरा चरण

दूसरे चरण में 6 हैक्टेयर में फ्री होल्ड कर कमर्शियल उपयोग का अधिकार होगा कंपनी को, जिसमें निम्न गतिविधियां संचालित की जाएगी....

- 120 रूम की 3 स्टार होटल
- 100 लोगों के लिए कॉफी शॉप
- 100 सिटिंग कैपेसिटी का रेस्टोरेंट
- 2 हजार कैपेसिटी का बेक्वेंट लॉन
- 100 लोगों की कैपिसिटी का बार

## एक नजर में

### पीबीपार्टनर्स ने इंदौर में संवाद 2 .0 आयोजित किया

इंदौर . पॉलिसीबाजार की पीओएसपी शाखा, पीबीपार्टनर्स के संवाद सीज़न 1 को 20 शहरों में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद कंपनी ने इंदौर में संवाद 2 .0 का आयोजन किया . यह एक इंडस्ट्री-फर्स्ट और सीएक्सओ नेतृत्व पर आधारित चर्चा है, जो एक सहयोगपूर्ण वातावरण और खुली चर्चा के माध्यम से एजेंट पार्टनर्स और कर्मचारियों के साथ कंपनी का भरोसा व जुड़ाव मजबूत बनाने के लिए डिज़ाईन की गई है . इंदौर में आयोजित संवाद 2 .0 का नेतृत्व ध्रूव सरीन, को-फाउंडर - पीबीपार्टनर्स ने किया . उनके साथ कंपनी की सीनियर लीडरशिप भी मौजूद थी . संवाद 2 .0 में एजेंट पार्टनर्स ने महत्वपूर्ण फीडबैक प्रदान किया, अपनी समस्याओं को हल करने के लिए व्यवहारिक समाधान तलाशे तथा साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के बारे में उपयोगी बातचीत की . ध्रूव सरीन ने कहा इंदौर में संवाद 2 .0 काफी सफल रहा . यह अभियान एक सहयोगपूर्ण वातावरण का निर्माण करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है, जिसमें हर एजेंट पार्टनर की आवाज मायने रखती हो . यह अभियान इनोवेशन और एक्सिलेंस की ओर हमारा एक महत्वपूर्ण कदम है .

### संजीवनी ने 'पिंक टैग प्रोजेक्ट' शुरु किया

इंदौर . फेडरल बैंक हॉरमिस मेमोरियल फाउंडेशन, न्यूज18 नेटवर्क और नॉलेज पार्टनर टाटा ट्रस्ट्स द्वारा शुरू की गई परिवर्तनकारी पहल 'संजीवनी : यूनाइटेड अगेंस्ट कैंसर के तीसरे संस्करण में द पिंक टैग प्रोजेक्ट लॉन्च किया गया है। यह एक अनोखी और असरदार व्यवहार परिवर्तन पहल है, जो महिलाओं तक उनके सबसे निजी और व्यक्तिगत पलों में पहुंचती है और उन्हें यह याद दिलाती है कि अपनी देखभाल कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा लिए जरूरी है. फेडरल बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एम .वी .एस . मूर्ति ने कहा फेडरल बैंक हॉरमिस मेमोरियल फाउंडेशन में हमारा मानना है कि असली बदलाव बडे और दिखावटी अभियानों से नहीं आता . बदलाव उन प्रयासों से आता है जो धीरे से, लगातार और संवेदनशीलता के साथ लोगों तक पहुंचते हैं . पिंक टैग प्रोजेक्ट व्यवहार आधारित डिजाइन की ताकत को दिखाता है. स्थानीय दर्जीयों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर हमने एक साधारण कपडे को जीवन बचाने वाला साधन बना दिया है।

### वांडरऑन को सीरीज ए राउंड में 54 करोड़ फंड मिला

इंदौर . वांडरऑन तेजी से लोकप्रिय होता भारत का एक्सपीरिएंशियल ट्रैवल ब्रांड है, जिसे जेन जी और मिलेनियल ट्रैवलर्स खासा पसंद करते हैं . यह डीएसजी पार्टनर्स और सीएएफ से सीरीज ए राउंड में 54 करोड़ फंड हासिल करने में सफल रहा है . यह देश में किसी ट्रैवल और एक्सपीरिएंस कंपनी द्वारा हासिल सर्वाधिक संस्थागत फंड में से एक है . उल्लेखनीय है कि कंपनी बूटस्ट्रैप मॉडल पर पहले ही 100 करोड़ का बिज़नेस कर दर्ज कर चुकी है . तेजी से बढ़ते इस रुझान पर बात करते हुए वांडरऑन के सीईओ गोविंद गौर ने कहा आज ट्रैवल का व्यापक अर्थ है . लोग ऐसे ट्रिप चाहते हैं जहाँ वे समान सोच के ट्रैवलर्स से मिल सकें और खुद को सार्थक अनुभव का हिस्सा मानें . हम ने इसी विश्वास के साथ वांडरऑन बनाया है . यह फंड मिलने से हमारे लिए डेस्टिनेशन, प्रोडक्ट इनोवेशन और टेक्नोलॉजी पर तेज़ी से काम करना आसान होगा . साथ ही हम जो भी करेंगे उसके केंद्र में एक बेहतर ट्रैवलर एक्सपीरियंस होगा .

### आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर पेश किया

इंदौर . आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक आसान और कर मुक्त लाभ प्रदान करने वाला विरासती योजना ( लिगेसी प्लानिंग ) से जुड़ा समाधान प्रदान करने वाला उत्पाद- आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर लॉन्च किया है . यह उत्पाद, उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो अपने प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं . लाइफ कवर की राशि हर महीने तब तक बढ़ती रहती है, जब तक ग्राहक 99 साल की उम्र तक नहीं हो जाते . ग्राहक की दुर्भाग्य से मृत्यु हो जाने पर, पूरी लाइफ कवर राशि, कर-मुक्त लाभ के रूप में लाभार्थियों को दी जाती है. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य उत्पाद अधिकारी विकास गुप्ता ने लॉन्च की घोषणा करते हुए कहा देश में बढ़ती आय और जीवन प्रत्याशा के बीच लोग अब विरासती योजना के महत्व को समझने लगे हैं . हमें आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर पेश करते हुए खुशी हो रही है, जिसे खास तौर पर ग्राहकों को अपनी विरासती योजना प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है .

### समाज के लिए क्रान्तदर्शी होता है लेखक



इंदौर . युवाओं को अपनी अस्मिता को पहचानना चाहिये . उनका ध्यान हमारी सभ्यता, संस्कृति, संस्कार, नैतिकता और सामाजिक मेलजोल से हट कर आधुनिक आमोद के संसाधनों की ओर हो गया है . ऐसे में लेखकों का दायित्व और बढ़ गया है . लेखक समाज के लिये क्रान्तिदर्शी होता है . उसे अपने लेखन में मौलिकता, सार्थकता, और समाज क समरसता का विशेष ध्यान रखना चाहिये, यह बातें वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ . प्रगति जैन ने सोसायटी ऑफ ऑथर्स द्वारा कुन्द-कुन्द ज्ञानपीठ सभाग्रह में आयोजित मासिक बैठक के दौरान कही . अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ . रवीन्द्र पहलवान ने दिया . कार्यक्रम में सुरेश रायकवार, शोभारानी तिवारी, मीना अग्रवाल, आर . डी . गुप्ता, रशीद अहमद शेख, डॉ . पी .के . माथुर, सुनील मुसाफिर, ओमप्रकाश जोशी, बालकराम शाद, डॉ . स्वाति सिंह, रामनारायण सोनी आदि ने कविता पाठ भी किया . संचालन संस्था सचिव रामनारायण सोनी ने किया . आभार डॉ . अनुपमा जैन ने माना .

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्तीय परिणाम घोषित किए

इंदौर . एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के निदेशक मंडल ने बैठक में 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही और नौ माह के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी . जीएसटी दर कटौती और मजबूत त्योहारी मांग ने तिमाही के दौरान आर्थिक गतिविधि को गति दी, जिससे क्रेडिट मांग में सार्थक बढ़ोतरी हुई . उच्च ऑटो बिक्री, बेहतर उपभोक्ता खर्च और एमएसएमई तथा वाणिज्यिक गतिविधि में सुधार ने बैंकिंग क्षेत्र की 14 .4% वायओवाय क्रेडिट वृद्धि को समर्थन दिया। हालांकि जमा वृद्धि 12 .7% वायओवाय पर सीमित रही- कड़े तरलता हालात और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण . इस परिदृश्य में, बैंक ने अनुशासित अंडरराइटिंग, फंड की लागत के विवेकपूर्ण प्रबंधन और सतत, गुणात्मक वृद्धि पर मजबूत फोकस के साथ सभी क्षेत्रों में संतुलित व मजबूत प्रदर्शन किया . फाउंडर, एमडी व सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा जीएसटी दरों के तर्कसंगतीकरण और त्योहारी मांग के समर्थन से इस तिमाही में बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन मजबूत रहा, भले ही जमा परिवेश अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बना रहा . इस परिदृश्य में, हमने वृद्धि, मार्जिन, एसेट क्वालिटी और लाभप्रदता- सभी क्षेत्रों में तीसरी तिमाही में मजबूत और संतुलित प्रदर्शन दिया . हमने तीन नए स्वतंत्र निदेशकों के साथ अपनी गवर्नेंस को और मजबूत किया है .ॉ

# हाईकोर्ट चुनाव में समय पात्रता को लेकर याचिका

▶ सुनवाई होने तक चुनाव पर रोक लगाने की मांग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ने के नियमों में बदलाव करने को लेकर याचिका दाखिल की गई. याचिका में चुनाव लडने के लिए विभिन्न पदों का उम्मीदवार बनने के लिए समय पात्रता कम करने की मांग की गई है. याचिका की सुनवाई होने तक चुनाव रोकने का कहा है.**

हाईकोर्ट अधिवक्ता रेखा बोरीवाल ने चुनाव नियमों में बदलाव करने को लेकर याचिका दाखिल की है. अधिवक्ता ने याचिका में उल्लेख किया है कि वर्तमान नियमों के कारण महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी न के बराबर है. नियमों में बदलाव करने और पारदर्शिता लाने के लिए कार्यकारिणी पद हेतु 3 की जगह 1, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद 7 की जगह 5 और सचिव एवं संयुक्त सचिव पद पर 5 वर्ष की बजाय 3 वर्ष प्रेक्टिस लेने को माना जाए. इससे महिला प्रतिनिधियों की चुनाव में भागीदारी बढ़ेगी. याचिका की सुनवाई नहीं होने तक 28 जनवरी को होने वाली चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए.

# सरकार आपके द्वार आई है, आप लाभ लें : महापौर

▶ नॉर्थ तोड़ा स्थित सरकारी स्कूल के पुनर्निर्माण के निर्देश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. संकल्प से समाधान अभियान के तहत आज महापौर निगम के वार्ड 60 में पहुंचे. महापौर ने नार्थ तोड़ा स्थित शिविर में रहवासियों से बातचीत की ओर उनकी शिकायत और समस्याओं का निदान करने निर्देश दिए. इस दौरान महापौर ने सरकारी स्कूल जर्जर होने की शिकायत पर नए भवन का प्रस्ताव बनाने कर झोनल अधिकारी को निर्देश दिए.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज वार्ड 60 के नार्थ तोड़ा स्थित शिविर में रहवासियों से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने का उपस्थित नागरिकों से



### नवीन शाला निर्माण का प्रस्ताव बनाएं

शिविर में रहवासियों ने महापौर भार्गव को बताया कि नार्थ तोड़ा शासकीय स्कूल जर्जर स्थिति में है . महापौर भार्गव ने झोनल अधिकारी को स्कूल भवन का नवीन शाला निर्माण करने का प्रस्ताव बनाने की निर्देश दिए . उक्त मौके पर अपर आयुक्त नरेन्द्र नाथ पांडे, झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे .

आग्रह किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है. अभियान में नगरीय निकाय, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों की 106 योजनाओं का लाभ जनता को उपलब्ध कराया जा रहा है. इसलिए हर वार्ड में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से जनता को बताया जा रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है. आवेदन कैसे करना है और किन दस्तावेजों की आवश्यकता है. साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम शिविर स्थल पर नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है. महापौर भार्गव ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में सरकार आपके द्वार आई है और आप इसका लाभ लें. उक्त अभियान के माध्यम से युवाओं, महिलाओं एवं वृद्धजनों को विशेष रूप से लाभ मिलेगा. आवेदन एवं लाभ लेने में पूरा सहयोग भी कर रही है.

# आयुक्त ने आजाद नगर जीटीएस प्रभारी को हटाने के दिए निर्देश

▶ निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में ग्रीन वेस्ट पड़ा मिला

▶ मूसाखेड़ी पानी टंकी का अवलोकन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज सुबह निगम आयुक्त ने आजाद नगर कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया गया. इस दौरान आयुक्त ने स्टेशन पर किन क्षेत्रों का कचरा जीटीएस स्टेशन पा आता है और उसके निपटान की जानकारी ली.**

आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कचरा कलेक्शन और निपटान का अवलोकन किया. उन्होंने जानकारी ली कि किन-किन क्षेत्रों से कचरा लाया जाता है तथा गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग कर कैसे



प्लांट तक भेजा जाता है. निरीक्षण के दौरान जीटीएस परिसर में बड़ी मात्रा में ग्रीन वेस्ट जमा पाया गया एवं साफ-सफाई नहीं पाई गई. इस पर आयुक्त सिंघल ने जीटीएस प्रभारी महेश मारोठ को फटकार लगाई एवं आजाद नगर जीटीएस से हटाने के निर्देश दिए. साथ ही जीटीएस से ग्रीन वेस्ट तत्काल हटाने और परिसर में नियमित एवं पर्याप्त साफ-सफाई करने के निर्देश दिए.

# शरण्या राठौर ने बढ़ाया इंदौर का गौरव

▶ रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक

**इंदौर.** गैलेक्सी मकाऊ (चीन) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में शरण्या राठौर ने विभिन्न योग स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किए.

प्रतियोगिता में विश्व के 13 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहाँ शरण्या ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं योग साधना का प्रभावी प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के अंतर्गत रिदमिक पेयर योग स्पर्धा में स्वर्ण पदक, आर्टिस्टिक योग स्पर्धा में कांस्य पदक एवं पारंपरिक योग स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त कर शरण्या ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की गौरवशाली उपस्थिति दर्ज कराई. इतने



बड़े वैश्विक मंच पर अपने देश और विद्यालय का प्रतिनिधित्व करना शरण्या के लिए सम्मान की बात रही. उनकी यह सफलता निरंतर अभ्यास, समर्पण, अनुशासन एवं मार्गदर्शन का परिणाम है. यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार एवं विद्यालय, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# दाल, अनाज प्रसंस्करण की आधुनिक मशीनों की प्रदर्शनी 6 फरवरी से

इंदौर. ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के तत्वाधान में दाल, अनाज एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की अति-आधुनिक मशीनरी की एक्ज़ीबिशन ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन 6, 7 एवं 8 फरवरी को बैप्स श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मन्दिर (नेमावर रोड़ चौराहा) बायपास रोड़ पर होने जा रहा है.

यह जानकारी देते हुए ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि 3 दिवसीय इस एक्जीबिशन में 200 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कंपनियाँ भाग ले रही हैं, जिनमे प्रमुख रूप से चीन, टर्की, स्पेन, ताईवान, कोरिया, इंग्लैंड सहित अन्य देशो की अनेक कंपनियों के साथ भारत के मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, तमिलनाडु, कर्नाटक सहित अनेक राज्यो के खाद्य प्रसंस्करण उद्यो गों के मशीन निर्माता कंपनियाँ अपनी अत्याधुनिक मशीनों (उत्पादों) का लाइव डेमो देंगी. इससे व्यापारियों को एक स्थान पर ही समस्त प्रकार की मशीनों की जानकारी मिल सकेगी. श्री अग्रवाल ने बताया कि सम्पूर्ण भारत में दाल मिल, सोयाबीन प्लांट, चना मिल के साथ ही हजारों की संख्या में गेहूँ व मिर्च-मसालों के बड़े व्यापारी एवं डीलर हैं और आटा मिल भी हैं, साथ ही कई फूड ग्रेन उद्यो ग एवं प्लांट निर्माणाधीन हैं 7 बहुत से परंपरागत उद्योग अपने व्यापार एवं व्यवसाय के विस्तार में बहुत रुचि रखते हैं, इसी को ध्यान में रखकर प्रति 2 वर्षों में संस्था के तत्वाधान में विकासशील दाल मिल एवं अनाज उद्योग की बढ़ती जरूरतों के लिए व्यापार का विस्तार करने और खाद्य वस्तुओ में अधिक-से-अधिक गुणवत्ता लाने के लिए ग्रेनेक्स इंडिया का आयोजन किया जाता है, जो कि एक मंच के रूप में इस तीन दिवसीय एक्जीबिशन में देखने को मिलेगा .

# शहर की हरियाली के पक्ष में उतरा अभ्यास मंडल

▶ धरना स्थल पर दी सहभागिता

इंदौर शहर के पर्यावरण और हरियाली के संरक्षण के लिए निरंतर सक्रिय रहे अभ्यास मंडल ने एक बार फिर शहर हित में अपनी सहभागिता निभाई. शहर के मध्य स्थित रानी सराय, इंडियन कॉफी हाउस मैदान में मेट्रो परियोजना के अंतर्गत पेड़ों और परिंदों के प्राकृतिक आश्रयों को उजाड़े जाने के विरोध में 'पेड़ बचाओ-इंदौर बचाओ' समूह पिछले 21 दिनों से शांतिपूर्ण धरने पर बैठा है. अभ्यास मंडल सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने धरना स्थल पर पहुंचकर शांति पूर्वक समर्थन व्यक्त किया. इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने स्पष्ट किया कि विकास आवश्यक है, किंतु पर्यावरण की कीमत पर




नहीं. पेड़ और पक्षी शहर की विरासत हैं, जिनका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अनिवार्य है. शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए इस समर्थन कार्यक्रम ने शहरवासियों का ध्यान एक बार फिर इस ओर आकृष्ट किया कि इंदौर की पहचान उसकी हरियाली और जैव विविधता से जुड़ी है. अभ्यास मंडल ने आशा व्यक्त की कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित एजेंसियां पर्यावरण-संवेदनशील निर्णय लेंगी और शहर की हरित धरोहर को बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाएगी. समर्थन का नेतृत्व डॉ ओपी जोशी, रामेश्वर गुप्ता, डॉ मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे आदि ने किया.

## एक नजर में ▶ झंडा ऊंचा रहे हमारा अभियान के अंतर्गत स्टेट प्रेस क्लब की प्रस्तुति

# आस्था और अंधविश्वास में फर्क समझाया नाटक 'बाल भगवान' ने

**इंदौर . झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान के अंतर्गत बुधवार को नाटक बाल भगवान का मंचन किया गया . नाटक समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड और झूठे चमत्कारों पर केन्द्रित था .**

स्टेट प्रेस क्लब, म .प्र . द्वारा अभिनव कला समाज में आयोजित नाटक बाल भगवान की कहानी एक ऐसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे चमत्कारी बताकर बाल भगवान का रूप दे दिया जाता है . कुछ स्वार्थी लोग अपने फायदे के लिए उसकी आस्था का व्यापार करते हैं और भोली-भाली जनता, राजनेता अंधविश्वास में फँस जाते हैं . नाटक के आखिरी दौर में बालक पेट में व्याप्त अल्सर की बीमारी और अंधविश्वास की चपेट में आकर मर जाता है, तब



सच्चाई सामने आती है और समाज को यह संदेश मिलता है कि आस्था और अंधविश्वास में फर्क समझना ज़रूरी है . स्वदेश दीपक के लिखे नाटक का निर्देशन अर्जुन नायक ने किया . नटराज थिएटर ग्रुप एंड फिल्म प्रोडक्शन की पेशकस में करीब 25 कलाकारों के सशक्त अभिनय की दर्शकों ने खूब प्रशंसा की .

### ▶ कार्यक्रमों की जानकारी दी

प्रारंभ में संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओम प्रकाश नरेड़ा ने 11 से 30 जनवरी तक आयोजित झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान और उससे जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी. स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने नाटक कलाकारों का स्वागत किया.



# हिंदी हमारी आन-बान-शान और स्वाभिमान है

इंदौर. संस्था अखंड संडे ने रविवार शाम विश्रामबाग में 1507 वीं अमृतांजलि काव्यगोष्ठी आयोजित की. इसका आयोजन प्रति रविवार किया जाता है. हिन्दी दिवस विशेष प्रसंग होने से रचनाकार उत्साहित नजर आए।

अमिता मराठे ने हिन्दी में उद्घोष है वसुधैव कुटुंबकम रचना के माध्यम से व्यक्त किया कि हिन्दी मात्र भाषा नहीं अपितु सभी को एक परिवार की तरह एक सूत्र में पिरोकर रखने का आव्हान भी है. नवनीत जैन ने हिन्दी को प्रेम, विश्वास, एकता की अनुपम मिसाल बताया. मुकेश इंदौरी ने हिंदी की महत्ता वर्णन करती गंजल-कबीरा सूर तुलसी पंत रसखान है हिन्दी, सुभद्रा और मीरा के सुरों की तान है हिन्दी सुनाई. सुरेन्द्र व्यास ने सभी भाषाओं में हिन्दी को महकता गुलाब की तरह बताया. श्याम बागोरा ने हिन्दी को देश की शान कहा. वहीं रशीद अहमद शेख ने हिन्दी को भारत की पहचान बताया. वजेन्द्र नागर, कमल पांडे, अबिधा विरमाल, डॉ. शशि निगम, डॉ. शशिकला अवस्थी ने हिन्दी को अपनाने एवं उसके सम्मान को बढ़ाने का आह्वान किया. दिलीप मांडलिक, अरविंद आचार्य, नयन गठी आदि ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिन्दी को शीघ्र राष्ट्रभाषा का दर्जा देने का आह्वान किया.